गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई-मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2018

मार्च 06, 2018

1. लिस्टिंग विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   <u>मुंबई-400 051</u>

2. लिस्टिंग विभाग,
   बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
   मंजिल 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
   दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

"सबाइन पास के साथ गेल का एलएनजी अनुबंध; गेल के सी एंड एमडी ने सबाइन पास से भारत के लिए पहला शिपमेंट रवाना किया" पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति :

1. ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
   टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
   सी-70, जी ब्लॉक,
   बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

सबाइन पास के साथ गेल का एलएनजी अनुबंध ;
गेल के सी एंड एमडी ने सबाइन पास से भारत के लिए पहला शिपमेंट रवाना किया

मार्च 5, 2018. हॉस्टन तथा मार्च 6, 2018, नई दिल्ली: गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बी सी त्रिपाठी ने 5 मार्च, 2018 को लुसियाना स्थित सबाइन पास एलएनजी निर्यात सुविधा से यूएसए से मंगाई जाने वाली एलएनजी के पहले कार्गो को रवाना किया। कार्गो को गेल के पहले चार्टर्ड एलएनजी शिप "मेरिडियन स्पिरिट" पर लोड किया गया है। यह एलएनजी कार्गो सबाइन पास एलएनजी परियोजना में चेनेयर एनर्जी के एलएनजी निर्यात सुविधा से चला है। यह कार्गो इस माह की 28 तारीख या उसके आसपास गेल के दाभोल टर्मिनल में एलएनजी सौंपेगा।

इस अवसर पर सबाइन पास में चेनेयर के सीईओ श्री जैक फ्यूस्को तथा गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बी सी त्रिपाठी की उपस्थिति तथा उनके साथ हॉस्टन में भारत के काउंसल जनरल डॉ. अनुपम रे और चेनेयर तथा गेल के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित समारोह के उपरांत जहाज को रवाना किया गया।

दिसम्बर 2011 में हस्ताक्षरित एलएजी एसपीए 1 मार्च, 2018 से प्रारंभ हुआ है। एसएपी के नियमों के अनुसार गेल सबाइन पास से प्रतिवर्ष लगभग 3.5 मिलियन टन एलएनजी खरीदेगा।

श्री फ्यूस्को ने कहा कि "इस समझौते की शुरुआत से चेनेयर और गेल के बीच एक लंबा और उत्पादक संबंध प्रारंभ हुआ है। 2011 में अनुबंध हस्ताक्षरित होने के साथ ही गेल चेनेयर के बड़े ग्राहकों में से एक है और भारत एलएनजी के लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट है, तथा हमें आशा है कि यहाँ वृद्धि के संकेत जारी रहेंगे। हम भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी गेल और चेनेयर के बीच दशकों तक पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग की अपेक्षा करते हैं।"

श्री त्रिपाठी ने कहा कि "यूएस से शुरू होने वाली आपूर्ति के साथ, गेल के मूल्य सूचकांक और भौगोलिक स्थानों के पोर्टफोलियो में विवधिता आएगी। यह दीर्घकालिक समझौता गेल और चेनेयर के मध्य संबंधों को दृढ़ बनाने और भारत-अमेरिका के व्यापार संबंधों को मजबूत बनाने में लंबा सफर तय करेगा।"

गेल ट्रेडिंग, ट्रांसमिशन, एलपीजी उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, एलएनजी पुनः गैसीफिकेशन, पेट्रोकेमिकल्स, शहर गैस, ई एंड पी आदि प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के विविधतापूर्ण हितों के साथ भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है। गेल वर्ष 2020 तक लगभग $ 3 बिलियन डॉलर के निवेश से अपने पाइपलाइन नेटवर्क में 5000 कि.मी. का विस्तार करके लगभग 16,000 किलोमीटर पाइपलाइन का प्रचालन करेगी।

गेल का गैस ट्रांसमिशन में 75% मार्केट शेयर है और भारत की गैस ट्रेडिंग में 50% से अधिक का हिस्सा है। संयुक्त राज्य अमेरिका और सिंगापुर में सहायक कंपनियों के माध्यम से अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति भी बढ़ा रहा है। इसकी शहर गैस वितरण परियोजनाओं में एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की भी योजना है।

भारत के लिए अनुबंध के अंतर्गत सबाइन पास से एलएनजी आपूर्ति का प्रारंभ होना महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह माननीय प्रधान मंत्री जी के भारत को गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने और हमारी अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक गैस के विस्तार के दृष्टिकोण का दृढ़ता से समर्थन करता है।